साथ बैठक कर कर्मचारी कल्याण और रेल विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की. मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इन आधुनिक पहलों से सेवा की गुणवत्ता, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं में सुधार होगा.

## केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**कोलकाता.** उत्तर 24 परगना जिले में स्थित इच्छापुर राइफल क्लब के



प्रतिभाशाली निशानेबाज और केंद्रीय विद्यालय -2, इछापुर के छात्र सप्तर्षि सूत्रधर ने 55वीं केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2026 में 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर केवीएस कोलकाता क्षेत्र और पश्चिम बंगाल का गौरव बढ़ाया है. पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सप्तर्षि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 346 अंकों के उत्कृष्ट स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया. गौरतलब है कि इससे पहले सप्तर्षि सूत्रधर ने इसी वर्ष केवीएस क्षेत्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता 2026, 10वीं पश्चिम बंगाल ओपन एयर वेपन शूटिंग चैंपियनशिप 2026, 11वीं पश्चिम बंगाल इंटर-स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 तथा 10वीं डॉ हरिहर बनर्जी एयर वेपन शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में भी स्वर्ण पदक जीतकर स्वयं को राज्य के सबसे उज्ज्वल उभरते निशानेबाजों में स्थापित किया है. सप्तर्षि सूत्रधर अब तीन से नौ अगस्त तक आसनसोल में आयोजित होने वाली 58वीं पश्चिम बंगाल राज्य शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में भाग लेगा. इसके बाद वह स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा.

## शांतिपुर : दिनदहाड़े घर से नकदी व जेवरात चोरी

**कल्याणी.** नदिया जिले की शांतिपुर नगरपालिका के वार्ड-17 अंतर्गत